प्रेसविज्ञप्ति/ PRESS RELEASE 23.12.2022

# इंडियन बैंक ने कार वित्तपोषण के लिए होंडा मोटर्स के साथ साझेदारी की

चेन्नई, 23 दिसंबर 2022: ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के क्रम में इंडियन बैंक ने होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल), देश का अग्रणी प्रीमियम कार निर्माता कंपनी, के साथ ग्राहकों को वाहन के लिए वित्त उपलब्ध कराने हेतु साझेदारी की है। इससे ग्राहक अब किफायती ब्याज दरों और आकर्षक ऑफर पर निर्बाद्ध ऋण प्रसंस्करण की सहायता से अपनी पसंद की होंडा वाहन खरीद सकेंगे।

इच्छुक ग्राहक देश भर में इंडियन बैंक की सेवारत 5700+ शाखाओं से वित्तपोषण का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर, श्री विकास कुमार, महाप्रबंधक, खुदरा आस्ति, इंडियन बैंक ने कहा, "होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड के साथ साझेदारी से हमें देश भर में बड़ी संख्या में अपने ग्राहकों को वित्तपोषण शीघ्र प्रदान करने में आसानी होगी। इंडियन बैंक देशभर में अपनी सेवाएं प्रदान कर रही है। हमें विश्वास है कि हमारी डिजिटल ऋण प्रक्रिया, उन ग्राहकों के लिए आसान और सुलभ होगी जो अपने और अपने परिवार के लिए नए वाहन खरीदना चाहते हैं। हम ऑटो फाइनेंस प्रक्रिया को आसान बनाने और उत्पाद व सेवाओं दोनों मामले में उपभोक्ता को एक बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए समर्पित हैं।"

उक्त साझेदारी पर विस्तार से बताते हुए, श्री कुणाल बहल, उपाध्यक्ष, मार्केटिंग एंड सेल्स, होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड, ने कहा, "हम इंडियन बैंक के साथ साझेधारी से सभी होंडा ग्राहकों को आसान वित्तपोषण का विकल्प प्रदान करने के साथ-साथ एक सर्वोत्तम अनुभव और सहायता प्रदान करना चाहते हैं। होंडा हमेशा अपने ग्राहकों की मांगों को पूरा करने के लिए तत्पर रही है और यह साझेदारी हमारे ग्राहकों को एक असाधारण मालिकाना अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। वर्ष 2022 ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए एक सार्थक वर्ष रहा है और हमें विश्वास है कि 2023 ऑटोमोबाइल उद्योग और होंडा के लिए एक और समृद्ध वर्ष होगा।"